# आम निवेश घोटाले

निवेश घोटालों में आमतौर पर आपके द्वारा एक संदिग्ध निवेश में पैसा लगाना शामिल होता है - या ऐसे निवेश में जो होता ही नहीं है। ज्यादातर मामलों में, आप अपना कुछ या सारा पैसा खो देंगे। यह कुछ आम घोटाले हैं।

## एडवांस फीस स्कीम

एक एडवांस फीस स्कीम में, पीड़ित को बदले में कुछ प्राप्त करने के वादे के साथ पहले पैसे का भुगतान करने के लिए राजी किया जाता है। चाल यह है कि घोटालेबाज पैसे लेता है और पीड़ित फिर कभी भी उससे सम्पर्क नहीं कर पाता।

घोटालेबाज अक्सर उन निवेशकों को लक्षित करते हैं जो एक जोखिम भरे निवेश में पैसा खो चुके हैं। वह निवेशक से उनके घाटों की पूर्ती में मदद करने की पेशकश के साथ संपर्क करेंगे। वे कह सकते हैं कि वे निवेशक के लिए भारी लाभ में निवेश खरीदेंगे या विनिमय करेंगे, लेकिन निवेशक को पहले "वापसी योग्य" शुल्क, डिपॉज़िट या करों का भुगतान करना होगा। यदि निवेशक अधिक पैसा भेजता है, तो वह वो भी खो देंगे।

## बॉयलर रूम घोटाला

निवेश घोटाले अक्सर लोगों की ऐसी टीम द्वारा पूरे किए जाते हैं, जो "बॉयलर रूम" कहे जाने वाला एक अस्थायी कार्यालय स्थापित करते हैं। आपको यह विश्वास दिलाना के लिए कि उनकी कंपनी असली है, वे आपको कंपनी की वेबसाइट पर भेज सकते हैं, जो बहुत ही पेशेवर लगती है। वे कंपनी को वैध दिखाने के लिए एक टोल-फ्री नंबर और एक सम्मानजनक पता भी स्थापित कर सकते हैं। परन्तु, कंपनी अस्तित्व में नहीं है। वेबसाइट पर सब कुछ नकली है, और कार्यालय सिर्फ एक पोस्ट ऑफिस बॉक्स या अस्थायी कार्यालय है। जब तक आपको पता चलता है कि आपने अपना पैसा खो दिया है, तब तक घोटालेबाज ने दुकान बंद कर दी होगी और दूसरे घोटाले की ओर जा चुका होगा।

## क्रिप्टो घोटाला

घोटालेबाज क्रिप्टो संपत्ति में कम या बिना किसी जोखिम के उच्च रिटर्न या गारंटीकृत लाभों का वादा करेंगे। आपको अपने कंप्यूटर पर एक ऐप डाउनलोड करने के लिए कहा जा सकता है ताकि वे क्रिप्टो संपत्ति खरीदने और फंड ट्रांसफर करने में आपकी मदद कर सकें। यह ऐप धोखेबाज को आपके कंप्यूटर सिस्टम और आपकी जानकारी तक पहुंच प्रदान करती है। या आपको एक क्रिप्टो ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म की सेवाओं का उपयोग करने के लिए निर्देशित किया जा सकता है और बाद में पता चल सकता है कि आप अपने पैसे या अपनी क्रिप्टो संपत्ति तक पहुंचने में असमर्थ हैं।

कई क्रिप्टो ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म हैं जिन्होंने कैनेडा में पंजीकृत होने के लिए कदम उठाए हैं। ये प्लेटफॉर्म नियामक निरीक्षण के अधीन हैं जो निवेशकों की सुरक्षा में मदद करता है। किसी भी क्रिप्टो एसेट ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म को पैसा देने से पहले उसके पंजीकरण की जांच करें।

## छूट वाली सिक्योरिटियों का घोटाला

जब कोई कंपनी कैनेडा में सिक्योरिटियाँ बेचना चाहती है, तो उस के लिए सिक्योरिटीज़ नियामकों के साथ एक प्रॉस्पेक्टस दाखिल करना आवश्यक है। छूट वाली सिक्योरिटियाँ एक अपवाद हैं। उन्हें प्रॉस्पेक्टस के बिना बेचा जा सकता है, लेकिन वे उन मान्यता प्राप्त निवेशकों तक सीमित हैं, जो कुछ वित्तीय मानदंडों या कुछ अन्य शर्तों को पूरा कर सकते हैं।

अपने आप में, छूट वाली सिक्योरिटियाँ घोटाले नहीं होती हैं। लेकिन कुछ घोटालेबाज धोखे वाली सिक्योरिटियों को "छूट" वाली सिक्योरिटियों के रूप में पिच करते हैं। यदि आपको आशाजनक व्यवसाय के "पब्लिक होने" के बारे में टिप के बारे में एक अवांछित फोन कॉल या ईमेल प्राप्त होती है, तो संदेहास्पद रहें। आपको बताया जा सकता है कि निवेश केवल बहुत धनी लोगों के लिए उपलब्ध है, लेकिन आपके लिए एक अपवाद बनाया जाएगा। आपको कुछ कागजात पर हस्ताक्षर करने के लिए कहा जा सकता है जो आपकी आय या निवल मूल्य को गलत तरीके से प्रस्तुत करते हैं। यदि आपको झूठ बोलना पड़ेगा कि आपके पास कितना पैसा है, तो आप किसी ऐसे व्यक्ति के साथ काम कर रहे हैं जो नियम तोड़ता है।

## फॉरैक्स घोटाला

विदेशी मुद्रा (फॉरैक्स) बाजार को दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे अधिक तरल वित्तीय बाजार माना जाता है। निवेशक विनिमय दरों में बदलाव पर पैसा बनाने के उद्देश्य से मुद्राओं को खरीदते और बेचते हैं। लेकिन विदेशी मुद्राओं में व्यापार करना बहुत जोखिम भरा हो सकता है। फॉरैक्स विज्ञापन विदेशी मुद्रा बाजार में आसान पहुंच को बढ़ावा देते हैं, अक्सर कोर्सों या सॉफ्टवेयर के माध्यम से। लेकिन विदेशी मुद्रा व्यापार पर उच्च प्रशिक्षित कर्मचारियों, अग्रणी प्रौद्योगिकी और बड़े व्यापारिक खातों तक पहुंच के साथ बड़े, अच्छी तरह से संसाधित अंतर्राष्ट्रीय बैंकों का वर्चस्व है। इन पेशेवरों को लगातार हरा पाना बेहद मुश्किल है। हो सकता है कि आपको यह ना बताया जाए कि विदेशी मुद्रा व्यापार कितना जोखिम भरा है।

इसके अलावा, कुछ विदेशी मुद्रा व्यापार योजनाएं ग़ैरक़ानूनी या धोखाधड़ी वाली हो सकती हैं। क्योंकि फॉरैक्स व्यापार सेवाएं अक्सर किसी अन्य देश से ऑनलाइन संचालित होती हैं, इसलिए अनियंत्रित कंपनियां नियमों के बाहर अपनी सेवाओं का विपणन कर रही हो सकती हैं। हो सकता है कि आपके पैसे को दावा किए गए रूप में निवेश नहीं किया गया हो, और आपको व्यापार शुरु करने से पहले एक ऑफशोर खाते में पैसा वायर करने के लिए कहा जा सकता है, जहां पैसा पहुंच से बाहर होगा। इनमें से किसी भी स्थिति में, आपके द्वारा अपने कुछ या सभी पैसे खोने की संभावना है।

## ऑफशोर निवेश घोटाला

यदि आप अपने पैसे को "ऑफशोर" दूसरे देश में भेजते हैं तो यह घोटाला बहुत बड़े मुनाफे का वादा करता है। ज्यादातर मामलों में, लक्ष्य आपके करों से बचना या उनको कम करने होता है। कर से बचने की स्कीमों के बारे में संदेहजनक रहें - आपकी तरफ से सरकार को कर, ब्याज और जुर्माने के रूप में पैसा देय हो सकते हैं।

ऑफशोर निवेश के अन्य जोखिम भी हैं। यदि आप अपना पैसा दूसरे देश में भेजते हैं और कुछ गलत हो जाता है, तो जरूरी नहीं कि आप अपना मामला कैनेडा की सिविल कोर्ट में ले जा सकें। आपके पैसे की वसूली करना असंभव हो सकता है।

## पेंशन घोटाला

यह घोटाला उन लोगों को लक्षित करता है जिनके पास लॉकड-इन रिटायरमेंट अकाउंट (एलआईआरए) (Locked-In Retirement Account (LIRA)) में रिटायरमेन्ट बचत होती है। ज्यादातर मामलों में, आप LIRA से पैसे नहीं निकाल सकते हैं जब तक आप एक निश्चित आयु तक नहीं पहुंचते हैं, आमतौर पर 55 या उससे अधिक। आम तौर पर सीमाएं होती हैं कि आप प्रत्येक वर्ष कितने पैसे निकाल सकते हैं, और संभव है कि आपको अपने द्वारा निकाले गए धन पर कर का भुगतान करना होगा।

इस घोटाले को अक्सर विज्ञापनों में एक विशेष "RRSP loan" के रूप में प्रचारित किया जाता है, जो आपको कर कानूनों को टालकर और आपके लॉक-इन फंडों तक पहुँच प्रदान करता है। लोन प्राप्त करने के लिए, आपके लिए अपने LIRA में रखे गए निवेशों को बेचना ज़रूरी होता है और इस पैसे का उपयोग करके एक स्टार्ट-अप कंपनी के शेयरों को खरीदना होता है जो कि प्रोमोटर बेच रहा है। बदले में, प्रमोटर आपके द्वारा निवेश किए गए 60% से 70% पैसे का लोन वापस करने का वादा करता है। वे बाकी के पैसे को फीस के रूप में रखेंगे। आपको बताया जाता है कि आपको नकद मिलेगा, उस पर कोई टैक्स

नहीं देना होगा, और आप अभी भी अपने LIRA में एक मूल्यवान निवेश रखेंगे। लेकिन आपके द्वारा खरीदा गया निवेश मूल्यहीन हो सकता है, और हो सकता है कि आपको कभी भी लोन ना मिले। आप अपनी रिटायरमेन्ट बचत खो सकते हैं।

## पोंज़ी या पिरामिड योजना

ये योजनाएं लोगों को ऐसे विज्ञापनों और ई-मेलों के माध्यम से भर्ती करती हैं, जो घर से काम करते हुए ज़्यादा पैसे बनाने और केवल 6 सप्ताह में $10 को $ 20,000 में बदलने का वादा करती हैं। या, आपको उन निवेशकों के एक विशेष समूह में शामिल होने का मौका दिया जा सकता है जो एक शानदार निवेश पर अमीर होने जा रहे हैं। आमंत्रण किसी ऐसे व्यक्ति से भी आ सकता है जिसे आप जानते हैं।

जो निवेशक योजना में जल्दी आते हैं, वे उचित रिटर्न बहुत जल्द प्राप्त कर सकते हैं, जो उन्हें लगता है कि ब्याज के चैक हैं। वे अक्सर इतने प्रसन्न होते हैं कि वे अधिक पैसा निवेश करते हैं, या नए निवेशकों के रूप में दोस्तों और परिवार की भर्ती करते हैं। लेकिन निवेश मौजूद नहीं होता। “ब्याज के चैकों” का भुगतान निवेशकों के अपने पैसे और नए निवेशकों के पैसे से किया जाता है। आखिरकार, नए लोग योजना में शामिल होना बंद कर देते हैं। भुगतान करने के लिए और धन नहीं है और आपको एक और सैंट नहीं मिलेगा। तब प्रमोटर गायब हो जाएंगे, और सारा पैसा अपने साथ ले जाएंगे।

## पंप और डंप

इन योजनाओं में, घोटालेबाज कम कीमत वाले स्टॉक पर एक अविश्वसनीय सौदे को बढ़ावा देने के लिए संभावित निवेशकों की सूची के माध्यम से काम करते हैं। आपको पता नहीं है कि आपसे संपर्क करने वाला व्यक्ति या कंपनी इस स्टॉक की एक बड़ी मात्रा का मालिक भी है और हो सकता है कि स्टॉक एक वैध व्यवसाय का प्रतिनिधित्व ना कर रहा हो। जैसे-जैसे और अधिक निवेशक शेयर खरीदते हैं, स्टॉक का मूल्य तेजी से बढ़ता है। एक बार जब कीमत शिखर पर पहुंच जाती है, तो घोटालेबाज अपने शेयरों बेच देता है और स्टॉक का मूल्य अचानक गिर जाता है। आपके पास बेकार स्टॉक रह जाते हैं।

## निवेश करने से पहले जांचें

पंजीकरण की जाँच करना आपको अयोग्य या कपटपूर्ण व्यक्तियों और कंपनियों से बचाने में मदद करता है। **CheckBeforeYouInvest.ca** पर जाएं

**GetSmarterAboutMoney.ca** पर और जानें

**Ontario Securities Commission**
20 Queen St. W., 22nd Floor, Toronto, Ontario M5H 3S8
**Tel:** 1-877-785-1555 **Email:** inquiries@osc.gov.on.ca

OSC ONTARIO SECURITIES COMMISSION | Get Smarter About Money.ca | Ontario